शिक्षा निदेशालयमें तोड़फोड़ २०० उपद्रवियोंपर एफआईआर

बैरिकेडिंग तोड़कर मुख्यालयमें घुसे प्रदर्शनकारी, फर्नीचर एवं वाहनोंको किया क्षतिग्रस्त, सीसीटीवी कैमरोंसे आरोपितोंकी पहचानमें जुटी पुलिस

शिक्षा निदेशालय मुख्यालय परिसर में घुसकर तोड़फोड़ करने और कर्मचारियों से अभद्रता करने के मामले में सिविल लाइंस पुलिस ने १५० से २०० अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि प्रदर्शन की आड़ में पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़कर परिसर में घुसे लोगों ने विभिन्न अनुभागों में तोड़फोड़ की। फर्नीचर के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों के वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपितों की पहचान करने में जुटी है।

शिक्षा निदेशालय के केयरटेकर मोहम्मद सैफी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि निदेशालय परिसर में उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और परिषद के मुख्यालय स्थित हैं। यहां शासन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों का नियमित रूप से निष्पादन होता है। एफआईआरके मुताबिक, मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे शिक्षा निदेशालय के पूर्वी गेट के सामने सड़क के दोनों ओर जाम लगाकर प्रदर्शन किया जा रहा था।

इसी दौरान प्रतियोगी अभ्यर्थियों की आड़ में करीब १५० से २०० लोग पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़कर मुख्यालय परिसर में घुस गए। आरोप है कि परिसर में प्रवेश करने के बाद विभिन्न अनुभागों में तोड़फोड़ कर फर्नीचर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों के वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया गया। आरोप है कि इस दौरान कर्मचारियों से अभद्रता करने के साथ सरकारी कामकाज में बाधा डाली गई। घटना से परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया और कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई। सिविल लाइंस पुलिस परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इसके जरिए तोड़फोड़ में शामिल लोगों को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी रामाश्रय यादव ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी कैमरे एवं वीडियो से जांच की जा रही है।

उमरे की रामलीलामें सीता स्वयंवरका मंचन

श्री श्री उत्तर मध्य रेलवे रामलीला कमेटी के मंचन में आज कार्यक्रम की शुरुआत गौरी पूजन के साथ हुई। तत्पश्चात सीता अपनी सखियों के साथ राम-लक्ष्मण दोनों भाइयों को पुष्प वाटिका में देखकर प्रफुल्लित होती हैं। उसके पश्चात राजा जनक के दरबार में सीता स्वयंवर का आयोजन किया गया जिसमें अलग-अलग देशों से तमाम राजा एकत्रित हुए और उन्होंने धनुष तोड़ने का प्रयास किया परंतु कोई भी धनुष तोड़ नहीं पाया जिससे राजा जनक बहुत दुखी होते हैं व कहते हैं कि मुझे यदि पता होता कि पृथ्वी वीरों से खाली है तो मैं कभी भी यह स्वयंवर नहीं रचता । यह बात सुनकर लक्ष्मण क्रोधित हो उठते हैं और फिर गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से राम जी उठते हैं और धनुष तोड़कर जनक के संकल्प को पूरा करते हैं उसके पश्चात सीता, राम के गले में जय माल डालकर स्वयंवर की प्रक्रिया को पूर्ण करते हैं ।

छात्रा सहित दो किशोरियां गायब, तलाश

शिवकुटी एवं धूमनगंज थाना क्षेत्रकी घटनाएं, मुकदमा

नगर में दो अलग-अलग मामलों में छात्रा समेत दो किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है।

शिवकुटी में ओटी टेक्नीशियन का कोर्स कर रही छात्रा के लापता होने पर उसके पिता ने फूलपुर के युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। वहीं, धूमनगंज में रहने वाली १५ वर्षीय किशोरी की मां ने एक युवक और उसके परिवार के लोगों समेत आठ लोगों पर बेटी को भगाने का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई है।

फूलपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि बेटी शहर के कि अस्पताल में ओटी टेक्नीशियन के द्वितीय वर्ष का कोर्स कर रही है। वह शिवकुटी थाना क्षेत्र स्थित अपने मौसा के घर रहकर पढ़ाई करती थी। परिजनों के मुताबिक, १५ अक्तूबर की सुबह वह अस्पताल में कार्यक्रम होने की बात कहकर यूनिफॉर्म पहनकर घर से निकली थी। शाम तक वापस नहीं लौटने पर उसकी तलाश शुरू की। मौसा अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि छात्रा उस दिन वहां आई ही नहीं थी। सहपाठियों से पूछताछ में जानकारी मिली कि वह फूलपुर निवासी सर्वेश पटेल से इंस्टाग्राम पर बातचीत करती थी और उससे शादी करने की बात कह रही थी। आरोप लगाया कि सर्वेश उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। दूसरा मामला धूमनगंज थाना क्षेत्र का है। महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी १५ वर्षीय बेटी २० अक्तूबर को लापता हो गई। परिजनों ने अपने स्तर से तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। छह दिन तक खोजबीन के बाद कसारी-मसारी निवासी समीर अहमद और उसके परिवार के लोगों समेत आठ लोगों पर बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई है।

पीडीए उपाध्यक्षने बैंकोंके प्रतिनिधियोंके साथकी बैठक

पीडीए उपाध्यक्ष ऋषिराज की अध्यक्षता में बुधवार को विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। उपाध्यक्ष के निर्देश के क्रम में प्राधिकरण द्वारा अपनी योजनाओं में रिक्त ४६५ फ्लैटों के विक्रय के लिए प्रकाशित विज्ञापन के क्रम में जिन आवेदकों को आवंटन पत्र निर्गत किया जा चुका है, उन्हें लोन देने के लिए सभी बैंक द्वारा बुधवार से से प्राधिकरण कैंपस में शिविर लगाया जा रहा है। सभी संबंधित उक्त सुविधा का लाभ उठाएं।

युवतीसे छेड़खानी मामलेमें छह दिन बाद एफआईआर

मुट्ठीगंज से दशहरा मेला देखकर लौट रही युवती से छेड़खानी और उसे जबरन कार में बैठाने की कोशिश के युवक से मारपीट की और युवती को जबरन कार में बैठाने का प्रयास किया। शोर मचने पर आरोपित नैनी की तरफ

दशहरा मेला देखकर लौट रही थी पीड़िता, सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

मामले में छह दिन बाद कीडगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि फॉर्च्यूनर सवार पांच युवकों ने युवती पर अश्लील टिप्पणियां कीं। विरोध करने पर उसके साथ मौजूद भाग निकले। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपितों की पहचान करने में जुटी है।

कीडगंज निवासी युवक के मुताबिक, २१ अक्टूबर की सुबह करीब चार बजे वह अपनी महिला मित्र और उसके भाई के साथ मुट्ठीगंज का दशहरा मेला देखने गया था। वह बाइक से था, जबकि युवती और उसका भाई स्कूटी पर सवार थे।

मेला देखकर घर लौटते समय पुराने यमुना पुल के पास फॉर्च्यूनर सवार पांच युवक उनके करीब पहुंचे। आरोप है कि कार सवार युवकों ने स्कूटी के बगल में गाड़ी लगाकर युवती पर अश्लील टिप्पणियां करनी शुरू कर दीं। विरोध करने पर गालीगलौज करते हुए युवक के साथ मारपीट की गई। इसी दौरान आरोपितों ने युवती को स्कूटी से उतारकर जबरन कार में बैठाने की कोशिश की। शोर मचने पर आसपास के लोगों का ध्यान उनकी ओर गया तो आरोपित फॉर्च्यूनर लेकर नैनी की तरफ भाग निकले। घटना के बाद पुलिस से शिकायत की गई थी, लेकिन एफआईआर दर्ज होने में छह दिन लग गए। घटना में इस्तेमाल फॉर्च्यूनर का नंबर अब तक पता नहीं चल सका है। कीडगंज थाना प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

मोबाइल हैक कर क्रेडिट कार्डसे उड़ाए रुपये

कर्नलगंज में साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के मोबाइल फोन को संदिग्ध तरीके से संचालित कर उसके कोटक बैंक क्रेडिट कार्ड से ३९,९९६ रुपये निकाल लिए। चार बार में ९,९९९-९,९९९ रुपये के लेनदेन किए गए। पीड़ित के मुताबिक, इस दौरान बैंक एप का एमपिन भी अपने आप बदल गया। मामले में कर्नलगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कर्नलगंज के गल्ला बाजार निवासी राजेश कुमार यादव के मुताबिक, पांच अक्टूबर को उनका मोबाइल फोन अचानक असामान्य तरीके से काम करने लगा। बिना किसी निर्देश के मोबाइल अपने आप संचालित होने लगा। करीब दो दिन तक यह स्थिति बनी रही। इसी दौरान कोटक बैंक एप का एमपिन भी बदल गया, जबकि उन्होंने इसे बदलने की कोई कोशिश नहीं की थी छह अक्टूबर को बैंक पहुंचकर उन्होंने एमपिन दोबारा सही कराया। इसके बाद बैंक एप में लॉगिन करने पर पता चला कि पांच अक्टूबर को उनके क्रेडिट कार्ड से चार बार में कुल ३९,९९६ रुपये निकाल लिए गए हैं।

छात्रोंसे वार्ता करने पहुंचे पुलिस अधिकारी, डीएम को बुलानेकी मांगपर नहीं बनी बात

टीजीटी-पीजीटी भर्ती में पुरानी नियमावली के अनुसार एक अवसर दिए जाने की मांग को लेकर शिक्षा निदेशालय पर अभ्यर्थियों का धरना लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलनरत छात्रों का कहना है कि तीन दिनों से वह अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं, लेकिन अब तक उनसे बातचीत करने के लिए कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। वही रात में शिक्षा निदेशालय पहुंचे एडिशनल सीपी अजय पाल शर्मा एवं डीसीपी सागर जैन ने छात्रों से वार्ता की। छात्रों ने मौके पर डीएम की बुलाने की मांग की। कहा कि डीएम आश्वासन देकर पिछले दिनों आमरण अनशन तुड़वाया था। अब उन्हें यहां आकर वार्ता करनी होगी। जिसके बाद दोनों पुलिस अधिकारी डीएम को बुलाने का आश्वासन देकर चले गये।

अभ्यर्थियों का सवाल है कि यदि उनकी मांग गलत थी, तो मुख्यमंत्री की ओर से उन्हें आश्वासन क्यों दिया गया था। छात्रों का कहना है कि जिस आश्वासन के भरोसे उन्होंने उम्मीदें कायम रखीं, वह अब तक पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में उनके मन में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर उनकी समस्याओं को गंभीरता से कब सुना जाएगा। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे आशुतोष पांडेय ने कहा कि छात्र बेहद दुखी और आक्रोशित हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या छात्र इतने भी योग्य नहीं हैं कि उनकी मांगों को सुना जाए, उनसे बातचीत की जाए और उनकी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि छात्र अपने भविष्य को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। उनकी मांग है कि टीजीटी-पीजीटी भर्ती में पुरानी नियमावली के अनुसार एक अवसर दिया जाए। छात्रों की अपेक्षा है कि मुख्यमंत्री अपने आश्वासन को पूरा करें और प्रशासन उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करे। कहा कि छात्रों की बात सुनना और उनसे संवाद करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

लगातार तीन दिनों से धरने पर बैठे अभ्यथिर्यों की सुध लेने के लिए किसी का नहीं पहुंचना उनकी निराशा को और बढ़ा रहा है।अभ्यर्थियों की मांग है कि प्रशासन तत्काल उनसे वार्ता करे और पुरानी नियमावली के अनुसार एक अवसर दिए जाने पर ठोस निणर्य ले। छात्रों का कहना है कि वे अपने भविष्य से जुड़े इस मुद्दे पर न्याय मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। तीन दिन से बैठे युवा आज केवल एक सवाल पूछ रहे हैं कि क्या उनकी मांग सुनने और उनसे बातचीत करने वाला भी कोई नहीं है।

शिक्षा निदेशालयपर तीसरे दिन भी किया विरोध-प्रदर्शन



वकील-डाक्टर विवाद : सीसीटीवी फुटेज एवं वीडियो साक्ष्य खंगालेगी एसआईटी

एसआरएन अस्पताल में अधिवक्ता पिटाई और इसके विरोध में प्रदर्शन के दौरान डॉक्टर व मेडिकल छात्रों से मारपीट के मामले में एसआईटी ने छानबीन की तैयारी शुरू कर दी है। एसीपी की निगरानी में गठित तीन सदस्यीय टीम में क्राइम ब्रांच के निरीक्षक के अलावा कोतवाली और जार्जटाउन थाने के एक-एक उपनिरीक्षक को शामिल किया गया है। टीम दोनों पक्षों की ओर से लगाए गए गंभीर आरोपों की निष्पक्षता से जांच करेगी। घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज, वीडियो साक्ष्य और संबंधित लोगों के बयान अहम होंगे। जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि २२ अक्तूबर की रात अस्पताल में विवाद की शुरुआत कैसे हुई और मारपीट की घटना किन परिस्थितियों में हुई। इसके बाद हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई डॉक्टर और मेडिकल छात्रों से मारपीट के आरोपों की भी पड़ताल की जाएगी। टीम घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और उपलब्ध वीडियो साक्ष्यों का परीक्षण करेगी। इसके साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों, अस्पताल में मौजूद कर्मचारियों, सुरक्षा गार्डों और संबंधित पक्षों के बयान दर्ज कर घटनाक्रम का क्रमवार ब्योरा जुटाया जाएगा। अपर पुलिस आयुक्त विजय ढुल ने पहले बताया था कि दोनों पक्षों की ओर से गंभीर आरोप लगाए जाने के कारण पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। टीम सभी पहलुओं की पड़ताल कर अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कारवाई की जाएगी।



हाथों में मेंहदी रचाती महिलायें।

सीईसी के इस्तीफेतक जारी रहेगा आन्दोलन-आराधना

मोदी सरकार को देश की जनता के वोट देने के अधिकार को छीनने नहीं देंगे ।



वोट चोरी और एसआईआर को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफा की निर्णायक लड़ाई तक नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन का आंदोलन जारी रहेगा । यह विचार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष विधायक आराधना मिश्रा मोना ने व्यक्त किया है। उन्होंने प्रयागराज जनपद के कांग्रेस जनों का आवाहन किया कि वह लोकतंत्र और संविधान बचाने को लेकर एक नवम्बर की दिल्ली रैली में भारी संख्या में शिरकत करें ।

इसके पूर्व सायंकाल एयरपोर्ट पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में पूर्व विधायक विजय प्रकाश सुधाकर तिवारी, हरिकेश त्रिपाठी, नारायण सिंह चंदेल, तलत अज़ीम , संजय तिवारी, शशि प्रकाश, विजय मिश्रा,अरशद अली ,अनिल पांडेय, मानस शुक्ला , परवेज सिद्दीकी,प्रदीप द्विवेदी, प्रवक्ता शाहनवाज कुरैशी, सुष्मिता यादव, तबरेज अहमद, मनोज पटेल,नफीस कुरेशी सहित दर्जनों कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया।

बीमार महिलाके घर चापड़ लेकर पहुंचे हमलावर

दरवाजा तोड़नेका प्रयास, तीन नामजद एवं पांच अज्ञातपर एफआईआर

धूमनगंज के सुगम विहार आवास योजना में मंगलवार को एक बीमार महिला के फ्लैट पर चापड़ और अन्य हथियार लेकर पहुंचे हमलावरों ने हंगामा किया। आरोप है कि महिला को नाम लेकर गाली देने के साथ ही बाहर निकलने की धमकी दी गई। हमलावरों ने लोहे के दरवाजे पर लात मारकर उसे तोड़ने का प्रयास भी किया। घर में अकेली महिला ने घटना का वीडियो बनाते हुए पड़ोसियों की मदद से पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपित भाग निकले। मामले में धूमनगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़िता गुंजा कनौजिया ने पुलिस को बताया कि वह सुगम विहार आवास योजना में रहती हैं। पास के फ्लैट में कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर उन्होंने अपनी और परिवार की सुरक्षा के लिए मुख्य दरवाजे पर ताला लगा दिया था। आरोप है कि मंगलवार को हैप्पी, लकी और शेरी चार-पांच अन्य साथियों के साथ हथियार लेकर उनके फ्लैट पर पहुंचे। आरोपितों ने उनका नाम लेकर गालीगलौज की और बाहर निकलने की धमकी देने लगे। इसके बाद लोहे के दरवाजे पर लात मारकर उसे तोड़ने की कोशिश की।

महिला ने घटना का वीडियो बनाना शुरू किया और पड़ोसियों की मदद से पुलिस को सूचना दी। पीड़िता के मुताबिक, हैप्पी और लकी के खिलाफ वर्ष २०२० में कर्नलगंज थाने में हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। उन्होंने बताया कि बीमारी के कारण वह शारीरिक रूप से कमजोर हैं। घटना के समय घर में अकेली होने के कारण वह काफी डर गई थीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डंपर रोककर चालक को पीटा, जानसे मारनेकी धमकी

पूरा मुफ्ती थाना क्षेत्र के शिवाला मार्केट के पास डंपर रोककर चालक को पीटने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि काले रंग की थार सवार तीन लोगों ने डंपर चालक को नीचे उतारकर लात-घूंसों से पीटा। शोर सुनकर पहुंचे राहगीरों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया। पूरामुफ्ती पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

कौशांबी के संदीपन घाट थाना क्षेत्र के हुसैन मई घाट निवासी सुरेश दिवाकर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि २६ अक्टूबर की रात वह डंपर लेकर जा रहे थे। शिवाला मार्केट के पास एक काले रंग की थार ने उनके डंपर के आगे गाड़ी लगाकर रास्ता रोक दिया। आरोप है कि थार से उतरे सचिन पांडेय निवासी भगवतपुर और जीशान व आलम ने उन्हें डंपर से नीचे उतार लिया।

इसके बाद तीनों बिना किसी बात के मारपीट करने लगे। पीड़ित के शोर मचाने पर कुछ राहगीर मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। आरोप है कि इसके बाद हमलावरों ने धमकी दी कि अब नितेश साहू का डंपर चलाया तो जान से मार देंगे।

पूरे दिन करवा चौथकी खरीदारी, मेंहदी रचाती रहीं महिलायें

करवा चौथ पर्व को लेकर नगर के बाजारों सुबह से देर रात तक रौनक बनी रही है। पर्व को लेकर उत्साहित महिलाओं ने अपने मनमुताबिक खूब खरीदारी किया।

सिर्फ मेहंदी ही नहीं बल्कि चूड़ी, बिंदी, साड़ी, बिंदी, लहंगे और पारंपरिक पूजा सामग्री जैसे मिट्टी के करवा सींक और थाली की दुकानों पर पैर रखने की जगह नहीं रही है। पुराने नगर के मुख्य बाजारों चौक, लोकनाथ, बहादुरगंज, जीरो रोड, रानीमंडी, सिविल लाइंस, कटरा, तेलियरगंज, खुल्दाबाद, राजरूपपुर, अलोपीबाग, दारागंज में महिलाओं की खरीदारी के लिए चहल पहल बढ़ी रही है।

गुरूवार को करवा चौथका व्रत रखा जायेगा। इस बार बाजारों में लाल, मैरून और सुनहरे रंग की साड़ियों, लहंगों और सूटों से कपड़ा बाजार गुलजार है। सोलह शृंगार के सामान जैसे बिंदी, सिंदूर, चूड़ी, बिछिया और आलता की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ती रही हैं। हाथों में पति के नाम की मेहंदी रचाने के लिए मेहंदी कलाकारों के पास एडवांस बुकिंग कराया रहा है। ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाएं सजने और संवरने के लिए पहुंचती रही हैं। पिछले साल के मुकाबले इस बार दस से बीस प्रतिशत से भी अधिक महंगाई है, लेकिन त्योहार के क्रेज आगे महंगाई आड़े नहीं आ रही है। स्थिति यह रही है कि सिविल लाइंस सहित नगर के विभिन्न ब्यूटी पार्लर और मेहंदी स्टालों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही है। हाथों पर अलग अलग डिजाइन की मेहंदी लगाने के लिए खूब उत्साह रहा है।

महंगाई भत्तेमें तीन फीसदी वृद्धिका स्वागत

उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था की स्थानीय जिला शाखा ने केंद्र सरकार द्वारा महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में ३ प्रतिशत की वृद्धि किए जाने की घोषणा का स्वागत किया है। संस्था ने दीपावली से पहले ही इसकी घोषणा करने का अनुरोध किया था। संस्था के जिला मंत्री डा.वीके मिश्र ने जानकारी दी कि इस बढ़ोतरी के बाद महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत की कुल दर बढ़कर ६३ प्रतिशत हो जाएगी। केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद, उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था ने उत्तर प्रदेश सरकार से भी यह आग्रह किया है कि वह राज्य के कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए भी महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में वृद्धि की घोषणा जल्द से जल्द करे।

जनगणना-२०२७ : सुपरवाइजरों एवं प्रगणकोंको दिया प्रशिक्षण

जनगणना-२०२७ के द्वितीय चरण (जनसंख्या की गणना) की तैयारियों के क्रम में बुधवार को डीएम मनीष कुमार वर्मा बिशप जानसन स्कूल में सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचकर दिए जा रहे प्रशिक्षण के बारे में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से वार्ता की। उन्होंने सभी से बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा। कहा कि जनगणना से सम्बंधित यदि कोई भी बिंदु समझ में न आयें तो प्रशिक्षकों से उसके बारे में गहनता से जानकारी प्राप्त करें, जिससे कि जनगणना के कार्य को सकुशलढंग से सम्पन्न कराया जा सके।

डीएम ने प्रशिक्षण दे रहे फील्ड ट्रेनरों को जनगणना के बारे में बारीकी से जानकारी दिए जाने के लिए कहा, जिससे कि प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना करते समय कोई समस्या न हो। डीएम ने प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से स्वजनगणना के लिए अधिक से अधिक लोगो को प्रेरित करने के लिए कहा। डीएम ने कहा कि जनगणना-२०२७ के द्वितीय चरण के तहत स्व-गणना का कार्य १६ नवम्बर से ३० नवम्बर तक, जनसंख्या की गणना ०१ दिसम्बर से ०४ जनवरी २०२७ तक तथा पुनरीक्षण कार्य ०५ जनवरी से ०९ जनवरी तक सम्पन्न कराया जाना निर्धारित है। निर्धारित समय-सारिणी के अनुरूप जनगणना कार्य को सुचारु, सटीक एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। फील्ड ट्रेनरों द्वारा सभी तहसीलों, नगर निगम के सभी जोनों एवं नगर पंचायतों में आयोजित प्रशिक्षण में सुपरवाइजरों, प्रगणकों को जनगणना के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

मरियाडीह एवं काशीपुरमें दो करोड़की सरकारी जमीन कब्जामुक्त

एसडीएम सदरके निर्देशपर चला बुलडोजर, कई लोगोंके नाम आये सामने

मरियाडीह और काशीपुर में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ बुधवार को प्रशासन ने कार्रवाई की। एसडीएम सदर अंकित वर्मा के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने रसूलपुर काशीपुर उपरहार और रसूलपुर मरियाडीह उपरहार में बुलडोजर चलाकर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया। खाली कराई गई जमीन की कीमत करीब दो करोड़ रुपये बताई गई है। तहसीलदार सुरेश चंद्र शुक्ला की ओर से कराई गई जांच में दोनों स्थानों पर बंजर भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया था। जांच में गुड्डू यादव उर्फ नाटे, अबू तैबा, हसनैन उर्फ गुड्डू भाड, उमर, अहमद साद, सूरज, कुणाल और राज यादव के नाम सामने आए हैं। इसके बाद राजस्व निरीक्षक मनोज त्रिपाठी ने लेखपाल महेश मिश्रा, मनीष यादव और सतीश मिश्रा के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इसमें कुछ आरोपित माफिया अतीक अहमद के करीबी बताये जा रहे हैं और कई आपराधिक केस भी दर्ज हैं। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। प्रशासन के अनुसार, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ अलग से एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। एंटी भूमाफिया अभियान के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही ग्रामसभा की अन्य सरकारी जमीनों को चिह्नित किया जा रहा है, ताकि अवैध कब्जे हटाकर सरकारी भूमि को सुरक्षित किया जा सके।

करवाचौथ मेहंदी उत्सवमें जुटी महिलाएं



अग्रवाल सभा महिला वाहिनी, प्रयागराज की ओर से अग्रसेन भवन में आयोजित करवाचौथ मेहंदी उत्सवमें बुधवार को बड़ी संख्या में महिलाएं जुटीं। इस कार्यक्रम में परम्परा, संस्कृति, विश्वास और समर्पण का अनूठा संगम देखने को मिला। श्रीमती रोली अग्रवाल, दिव्या अग्रवाल, श्रीमती रंजना अग्रवाल और श्रीमती शिल्पी जैन के नेतृत्व में हुए करवा चौथ मेहंदी उत्सव में आयोजकों ने कहा कि भारतीय संस्कृति केवल हमारे रीति-रिवाजों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह हमारी परम्पराओं, संस्कारों, पारिवारिक मूल्यों, आपसी प्रेम और अटूट विश्वास की अमूल्य धरोहर है। हमारे प्रत्येक त्योहार में कोई न कोई सुंदर संदेश छिपा होता है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है और रिश्तों की मिठास को और गहरा बनाता है। महिलाओं ने कहा कि करवाचौथ का पर्व प्रेम, विश्वास, समर्पण और वैवाहिक जीवन की मधुर भावनाओं का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर हाथों में रचती मेहंदी केवल सोलह शृंगार का हिस्सा नहीं, बल्कि भारतीय नारी की सुंदरता, उमंग, उल्लास और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। इस कार्यक्रम में जुटी महिलाओं ने अपने हाथों पर मेहंदी रचायी और करवाचौथ मेहंदी उत्सव के माध्यम से प्रेम, विश्वास, सौहार्द और सामाजिक एकता के रंगों को और गहरा किया। साथ ही करवा चौथ की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

कीडगंजमें जुआ खेलते पांच गिरफ्तार

कीडगंज में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को निषाद धर्मशाला के पास नई बस्ती में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। मौके से आरोपितों के पास से ४००० रुपये मालफड़ और २१५० रुपये जामातलाशी के बरामद हुए। पुलिस ने ५२ ताश के पत्ते भी जब्त किए हैं।गिरफ्तार आरोपितों में चौखंडी कीडगंज निवासी आकाश साहू, अल्लापुर जॉर्जटाउन निवासी अमित कुमार, पूरावल्दी कीडगंज निवासी अलंकार निषाद, बोट क्लब कीडगंज निवासी गोलू भारतीय और तंबाकू वाली गली कीडगंज निवासी मनीष निषाद शामिल हैं। पुलिस ने पांचों के खिलाफ कीडगंज थाने में सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा १३ के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

करवा चौथ आज, निर्जला व्रत रहेंगी सुहागिन महिलाएं



करवा चौथ व्रत २९ अक्तूबर को मनाया जायेगा। यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए कठिन व्रत मनाया गया है। इस दिन महिलाएं पूरे दिन पति की लंबी उम्र की कामना से निर्जला व्रत रखती हैं और चांद देखने के बाद व्रत का पारण करती हैं। यह व्रत हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, अच्छी सेहत और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए यह निर्जला (बिना अन्न-जल के) व्रत रखेंगी। दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और करवा माता की पूजा करेंगी। रात में चंद्रमा के दर्शन करने और छलनी से चांद एवं पति को देखने के बाद अर्घ्य देकर व्रत खोलेंगी। प्रयागराज में व्रत की तैयारियों में महिलाएं जुटी हुई हैं। व्रत एवं पूजा से जुड़ी खरीदारी इन दिनों प्रमुख बाजारोंमें देखी जा रही है।

नवाबगंजमें मकानके कमरेकी जमीनके अंदर दबे मिले करोड़ो रुपये

५००-५०० रुपयेकी नोटोंकी गड्डियां बरामद, चार लोगोंसे पुलिस कर रही पूछताछ, आयकर एवं जीएसटी विभागको दी गई सूचना

नवाबगंज के बरईपुर रामनगर गांव में बुधवार देर शाम उस समय खलबली मच गई, जब राकेश यादव उर्फ महाकाल के मकान के एक कमरे की जमीन में करोड़ों रुपये दबे मिले। ५००-५०० रुपये के नोटों की गड्डियों में चार से पांच करोड़ रुपये होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नकदी बरामद कर सील कर दी। मामले में चार लोगों से पूछताछ की जा रही है। इतनी बड़ी रकम कहां से आई और उसे जमीन में क्यों छिपाकर रखा गया था, इसकी जांच की जा रही है।सूचना मिलने पर एडीसीपी पुष्कर वर्मा समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। मकान के कमरे के भीतर और जमीन में ५००-५०० रुपये के नोटों की गड्डियां मिलीं। पुलिस ने नकदी को सील कर दिया और आयकर, जीएसटी समेत संबंधित विभागों को सूचना दी। बृहस्पतिवार को बरामद रकम की गिनती कराई जाएगी। इसके बाद जांच को आगे बढ़ाया जाएगा। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला कि राकेश का भाई बबलू यादव कई वर्षों से पुणे में रहता था। वर्ष २०२० में कोरोना संक्रमण के दौरान लॉकडाउन में वह गांव आया था। उस समय उसके साथ दो जीजा और साढ़ू भी आए थे। पुलिस को आशंका है कि रकम उसी दौरान लाई गई हो सकती है। हालांकि, इस संबंध में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। गांव में राकेश यादव के परिवार में कुछ दिन पहले आपसी विवाद होने की बात भी सामने आई है। पुलिस इस विवाद को जांच के दायरे में रखकर पड़ताल कर रही है। हालांकि, पारिवारिक विवाद और जमीन में गड़े मिले रुपयों के बीच कोई संबंध होने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस हिरासत में लिए गए चार लोगों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी गंगानगर सोनम कुमार ने बताया कि राकेश यादव के मकान में जमीन में दबे करोड़ों रुपये मिले हैं। संबंधित विभागों को सूचना दे दी गई है। रकम की गिनती और जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि कुल कितने रुपये मिले हैं और वह कहां से आए थे।

लाकडाउनके बाद तेजीसे संपत्ति बनानेकी चर्चा

ग्रामीणों के मुताबिक, राकेश यादव ने पिछले कुछ वर्षों में गांव में तेजी से संपत्ति बनाई। उसने कई बीघा खेत खरीदने के साथ करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से मकान बनवाया। इसके अलावा दो ट्रैक्टर और डीजे भी खरीदा। अब मकान के कमरे की जमीन में करोड़ों रुपये मिलने के बाद पुलिस उसकी संपत्ति के स्रोत और नकदी के लेनदेन की जानकारी जुटा रही है।

ड्रममें रखकर जमीन में छिपाये थे रुपये

सूत्रों की मानें तो बरईपुर रामनगर निवासी राकेश यादव कुछ साल पहले पुणे में किसी सेठ के यहां काम करता था। जहां से नोट बंदी के दौरान बोरियों में भरे करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गया था। यहां गांव में लौटने के बाद उसने कई बीघा जमीन खरीदी और करोड़ों रुपये ड्रम में रखकर मकान के अंदर ही जमीन में गाड़कर रख दिए। कुछ दिन पहले उसकी पड़ोसी पट्टीदार से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और करोड़ों रुपये जमीन में गाड़कर रखने की बात पुलिस तक पहुंच गई। आलाधिकारियों के निर्देश पर बुधवार रात पुलिस ने मकान को चारों तरफ से घेरकर दबिश दी। राकेश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की और उसकी निशानदेही पर जमीन में खोदाई शुरू कराया। एक के बाद एक कई ड्रम में करोड़ों रुपये निकलते ही पुलिस के भी होश उड़ गए। हालांकि, पुलिस का कहना है कि रुपये की गिनती के बाद ही कुल रकम पुष्ट होगी। फिलहाल देर रात तक पुलिस की ओर से छानबीन और आरोपी से पूछताछ जारी रही। पुलिस ने नोटों की गिनती के लिए संबंधित विभाग की टीम को भी मौके पर बुलाया लिया। देर रात तक करीब चार करोड़ से अधिक रमक की गिनती हो चुकी थी।